संvad
Maheshwari Logistics Ltd.
Moving Every Mile With A Smile
Coal | Logistics | Paper
July - September 2024
ISSUE 24

उपायं चिन्तयेत्प्राज्ञस्तथापायं च चिन्तयेत्।
*A wise man should think of the solution along with its disadvantages.*

## स्पर्श



अगस्त महीने में २६ तारीख को कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। श्री कृष्ण की छवि ध्यान करते ही सबसे पहले उनकी प्रिय बांसुरी नज़र आती है। बांसुरी के तीन खास गुण हैं जो हम अपने जीवन में अपना सकते हैं।

पहला गुण : बाँसुरी में कोई गाँठ नहीं होती। यह संदेश देता है कि हमारे मन में भी किसी प्रकार की गाँठ या कड़वाहट नहीं होनी चाहिए। जीवन में बदलाव और क्षमा की भावना रखनी चाहिए। हमें अपने मन को स्वच्छ और नकारात्मक भावनाओं से मुक्त रखना चाहिए।

दूसरा गुण: बाँसुरी बिना बजाए नहीं बजती। इसका तात्पर्य यह है कि जब तक आवश्यक न हो, हमें बोलना नहीं चाहिए। मौन का महत्व समझें और अनावश्यक बातें करने से बचें। बाँसुरी हमें सोच-समझकर और आवश्यकता अनुसार बोलने की शिक्षा देती है।

तीसरा गुण: जब बाँसुरी बजती है, तो उसकी ध्वनि मधुर होती है। इसका अर्थ है कि जब भी बोलें, मीठे और प्रिय वचन ही बोलें। जैसे बांसुरी की ध्वनि सुकून देती है, वैसे ही हमारी वाणी भी मधुर और सकारात्मक होनी चाहिए।

आइए इन गुणों पर मनन करें और कृष्ण की बाँसुरी की तरह अपने जीवन को सरल, शांत और मधुर बनाएं।

Mukta Maheshwari
Editor - Samvad

## समन्वय



नमस्ते,

आने वाला समय निस्संदेह चुनौतियों से भरा होगा। हमारे रास्ते में कई बाधाएँ आएँगी, और कुछ ऐसे क्षण होंगे जो हमारी क्षमता की परीक्षा लेंगे। लेकिन मुझे आप सभी पर पूरा विश्वास है। हमने मिल कर एक ऐसी मजबूत नींव बनाई है, जो हमें न केवल कठिनाइयों का सामना करने में सक्षम बनाएगी, बल्कि हर चुनौती के बाद और भी सशक्त करेगी।

इस यात्रा के नए अध्याय की और कदम बढ़ाते हुए मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि आप अपने जुनून और अपने उद्देश्य को पूरा करने के जस्बे को बनाए रखें। हमारा लक्ष्य स्पष्ट हैं, लेकिन साथ ही यह भी महत्वपूर्ण है कि हम नई सोच और अवसरों के लिए तैयार रहें, जो हमारी दिशा में आएंगे।

आप सभी का समर्पण और मेहनत हमारी सफलता की नींव है। चाहे आप किसी भी विभाग में हो - ऑफीस में या फैक्ट्री में - आपका योगदान हमारे संगठन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अब हमारी सबसे बड़ी उपलब्धियाँ सामने हैं। हम अवसरों और नई ऊँचाइयों के कगार पर खड़े हैं, और यह हम पर निर्भर करता है कि हम इन पलों का कैसे उपयोग करते हैं। यही हमारे संगठन के भविष्य और हमारी विरासत को परिभाषित करेगा।

आइए हम उसी दृढ़ता, सहयोग और समर्पण के साथ आगे बढ़ते रहें जिसने हमें यहाँ तक पहुँचाया है। यदि हम साहस के साथ चुनौतियों का सामना करें तो सफलता वह नहीं होगी जिसका हम पीछा करेंगे बल्कि वह हर काम का स्वाभाविक परिणाम होगी जो हम करेंगे।

**हर चुनौती में अवसर छुपा होता है,**
**जो केवल वही देख पाते हैं जो डर से ऊपर उठ जाते हैं।**

धन्यवाद!

Shubham Maheshwari
Director, Maheshwari Logistics Limited.

## MOTIVATIONAL THOUGHT

### *How To Stay Calm*
*(Without Any Hacks)*

| | |
|---|---|
| Overthinking | – *Write* |
| Uninspired | – *Read* |
| Scared | – *Take a Risk* |
| Stuck | – *Walk* |
| Tired | – *Sleep* |
| Confused | – *Ask* |
| Frustrated | – *Move* |
| Burned out | – *Take a day off* |
| Impatient | – *Review Progress* |
| Unmotivated | – *Remember Your 'WHY'* |

Collected by Rajvansh Kabra, Kolkata

## श्रध्दांजलि



# IN HOUSE TALENT *Congratulations!!!*

Prize winners of Games and Competitions in **Ganpati Celebration** at Ambethi Factory, Vapi

## MUSICAL CHAIR FOR CHILDREN



1st Prize
Sonal



2nd Prize
Ansh Pilgar

## MUSICAL CHAIR FOR LADIES



1st Prize
Sunita



2nd Prize
Seema Barwekar

## LEMON AND SPOON RACE



1st Prize
Aarush Barwekar



2nd Prize
Ansh Pilgar

## PASSING THE PILLOW



1st Prize
Sejal



2nd Prize
Suraj

## DRAWING COMPETITION



1st Prize
Simran Pilgar



2nd Prize
Ansh Pilgar



3rd Prize
Bhawya Pardhi

## DANCE COMPETITION



1st Prize
Chahat Pardhi



2nd Prize
Simran Pilgar



3rd Prize
Bhawya Pardhi



4th Prize
Ayush



5th Prize
Aarush Barwekar

## *Congratulations !!!*

Congratulations to Vidhi Maheshwari for 1st Prize in Inter Class Board Decoration Competition in Delhi Public School, Vapi








Congratulations to Aarav Maheshwari for 1st Prize in Collage Making Competition organised by Maheshwari Seva Samiti, Vapi

## मित्रता

अटल समर्पण जो रखता सबसे प्यारा मित्र वही,
हर दुख-सुख में साथ निभा दे सबसे प्यारा मित्र वही।
स्वार्थ छुपा कर जो बैठा हो ऐसा सर्पिल मित्र नहीं,
जिसके अंदर कड़वापन हो ऐसा कपटी मित्र नहीं।
मित्र वही है जो निश्छल हो,
वक्ष द्रवित जो रखता हो,
मित्र वही जो समय पर हाथ थामे रहता हो।
मित्र नहीं जो सठ हृदय हो,
स्वार्थपरायण मित्र नहीं,
सत हृदय संवेदन
जिसका सच्चा साथ मित्र वही।



कैलाश शास्त्री, वापी

आप अपने हुनर को इस पते पर भेज सकते हैं, या priyaupadhyaymlpl@gmail.com पर मेल कीजिए ।

Priyanka Dubey, MLL House, Shed No A2-3/2, Opp. UPL, 1st Phase, GIDC, VAPI - 396 195. Mobile No. 98243 02806

# Paneer Biryani



**Ingredients:**

**For Rice** - 2 cups basmati rice, 4 cups water, 1 tbsp ghee, 1 tsp salt

**For the Paneer Marinade-** 250 gm paneer(cut into small cubes), 1/2 cup plain yogurt, 1 tbsp lemon juice, 1 tsp garam masala, 1 tsp cumin powder, 1/2 tsp coriander powder, 1/2 tsp red chili powder (optional), Salt(to taste)

**For Biryani Masala-** 2 tbsp coriander seeds, 1 tbsp cumin seeds, 1 tbsp fennel seeds, 1 tsp cardamom powder, 1 tsp cinnamon powder, 1/2 tsp turmeric powder

**For Layers-** 2 medium onions chopped, 2 medium tomatoes chopped, 2 tbsp ghee, Fresh cilantro for garnishing

**Instructions:**

**Step 1:** Prepare the rice - Rinse rice and soak for 30 minutes. Drain and cook with 4 cups water, ghee and salt until 70% done. Drain excess water.

**Step 2:** Marinate the paneer - Mix yogurt, lemon juice, garam masala, cumin powder, coriander powder, red chili powder (if using), and salt. Add paneer cubes and refrigerate for 30 minutes.

**Step 3:** Prepare the biryani masala - Dry roast coriander seeds, cumin seeds, and fennel seeds. Grind into a fine powder. Mix with cardamom, cinnamon and turmeric powder

**Step 4:** Assemble and cook - Heat ghee in a pan. Add chopped onions and cook until golden. Add chopped tomatoes and cook until soft. Add marinated paneer and cook for 2-3 minutes. Layer the cooked rice, paneer mixture, and biryani masala in a pot. Repeat the layers twice. Cover and cook on low heat for 10-15 minutes. Garnish with cilantro.

Tips: Use high-quality basmati rice. Adjust the amount of chili powder or omit for a milder version. Add some fried onions or cashews for extra crunch. Serve with raita or salad.

***Enjoy your delicious homemade Paneer Biryani!***



**Mansi Maheshwari, Vapi**

# पानी की एक्सपायरी डेट क्या है...??

जल ही जीवन है.... जल है तो कल है....


जहां नल का पानी हर दिन आता है, वहाँ पानी हर दिन बासी हो जाता है और हर दिन बहा (फेंक) दिया जाता है। एक्सपायरी तिथि 1 दिन जहाँ 2 दिन में नल आता है, वहाँ 2 दिन में पानी बासी हो जाता है, और बहा दिया जाता है। जहां आठ दिन बाद पानी आता है, वहाँ आठ दिन बाद पानी बासी हो जाता है। शादी समारोह में अगली बिसलरी का सामना होते ही हाथ में रखी पानी की आधी बोतल को फेंक दिया जाता है??

**वहीं दूसरी ओर...**

रेगिस्तान में यात्रा करते समय पानी तब तक ताजा रहता है, जब तक पानी दिखाई दे...?? अगले मानसून तक बांध और तालाब में पानी ताजा बरकरार रहेगा, वहीं यदि सूखे की स्थिति बनती है, तो यह दो से तीन साल तक ताजा पानी बना रहता है.. जहां 50 फीट के बोरवेल से पानी निकाला जाता है, वह जमीन के नीचे सालों साल पुराना है, यानी सैकड़ों साल पुराना पानी पीने के लिए सुरक्षित है?? एक्सपायरी डेट सैकड़ों साल तक भी नहीं आती है। जहाँ 400 से 500 फीट बोरवेल से पानी निकाला जाता है, वह भी सालों साल तक जमीन के अंदर जमा रहता है। फिर भी उपयोगी रहता है...!!

कुल मिलाकर पानी की एक्सपायरी हमारी अपनी सोच के आधार पर बिना किसी मापदण्ड के केवल उपलब्धता अनुसार तय की जाती है अत: पानी का उपयोग विवेकशीलता एवं संयम से करें अन्यथा हमारे ही विचार हमको प्यासा मार डालेंगे...

अपनी आदतों को बदले, मितव्यता से जल का उपयोग करें एवं वर्षा जल को जमीन में डाले व संग्रह करें।



**विरेन मजिठिया, वापी**

## Colouring Competition

HAPPY **Navratri**



Special Prizes for best 3 Entries

# खेल खेल में

## Puzzle



1. What has keys but can't open locks?
2. I'm tall when I'm young, and short when I'm old. What am I ?

**Last edition's Sudoku Solved by**

✔ Yogesh Mistry, Vapi

✔ Bhamini Maniyar, Vapi

रिडल्स के सही जवाब आपको 15th November तक भेजने है।

जिनके भी जवाब सही होंगे, उनमें से लकी ड्रॉ के द्वारा 5 नाम चुन कर संवाद के अगले अंक में उत्तर के साथ प्रकाशित किए जाएँगे।

# GLIMPSE OF EVENTS



Ganpati Pooja at Ambethi Factory, Vapi



Ganpati Pooja at MLL-MTBT, Mora Surat



Ganpati Pooja at Vidhik Prints, Chikhli



Swachta Pakhwada and Plant Distribution by BPCL at MLL House, Vapi



Drivers' Medical Check up and training at MLL-MTBT, Mora Surat



Prize Distribution for Various Competitions Organised during Ganpati Festival at Ambethi Factory, Vapi

majithia - 9825268468